माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ-इन्दौर
मूल-क्षेत्राधिकार
कंपनी अधिनियम 1956 एवं कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत एवं
मैसर्स माहेश्वरी प्रोटीन्स लिमिटेड (परिसमापन-में) के अंतर्गत
कंपनी पिटीशन क्र.02/2001

ई-नीलामी विक्रय सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश खण्डपीठ-इंदौर के आदेश दिनांक 25/07/2017 के आदेशानुसार निम्नलिखित परिसंपत्तियों/संपत्तियों की बिक्री हेतु- **"जहां है जैसी है और जो कुछ भी है"** (AS IS WHERE IS AND WHATSOEVER THERE IS BASIS) के आधार पर इच्छुक/संभावित क्रेताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
लॉट संख्या 02 - माहेश्वरी कॉम्पलेक्स, 101, पावर हाउस रोड, जिला रतलाम (म.प्र.) पर 4000 वर्गफीट छत।
आरक्षित मूल्य एवं ई.एम.डी. का विवरण निम्नानुसार है:-

लॉट संख्या	लॉट का विवरण	आरक्षित मूल्य	ई.एम.डी.
लॉट नं.2	माहेश्वरी कॉम्पलेक्स, 101, पावर हाउस रोड, जिला- रतलाम (म.प्र.) पर 4000 वर्गफीट छत।	रू.125 लाख	रू.18.75 लाख

नोट :-

01. उपरोक्त संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 22/01/2018 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक किया जा सकेगा।
02. ऑनलाईन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु, निविदाकर्ता को रू.1000/- (एक हजार रूपये) गैर-वापसी योग्य, ई- नीलामी भागीदारी शुल्क का भुगतान शासकीय समापक के चालू खाता "शासकीय समापक द्वारा संपत्तियों की ई-नीलामी (E-Auction of Assets by Official Liquidator) क्रमांक 0212002100247959, पंजाब नेशनल बैंक, सीतलामाता बाजार शाखा, इन्दौर- शाखा कोड संख्या 021200, आर.टी.जी.एस./नेफ्ट/आई.एफ.एस. कोड PUNB0021200 में करना होगा।
03. इच्छुक खरीददार अपना ऑनलाईन प्रस्ताव वेबसाइट **https://olmp.auctiontiger.net** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
04. इच्छुक खरीददार द्वारा धरोहर राशि (ब्याज रहित) नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से शासकीय समापक के चालू खाता "शासकीय समापक द्वारा संपत्तियों की ई- नीलामी" **(E-Auction of Assets by Official Liquidator)** क्रमांक 0212002100247959, **पंजाब नेशनल बैंक, सीतलामाता बाजार शाखा, इन्दौर- शाखा कोड संख्या 021200,** आर.टी.जी.एस./ नेफ्ट/आई.एफ.एस. कोड PUNB0021200 में जमा की जानी चाहिये। ऑनलाईन प्रस्ताव मय धरोहर राशि के जमा करने की अंतिम तिथि **01/02/2018 को दोपहर 3.30 बजे तक है।**
05. ई-नीलामी का संचालन दिनांक 08/02/2018 को दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक वेबसाइट **https://olmp.auctiontiger.net** के माध्यम से किया जायेगा। यदि प्रस्ताव ई-नीलामी के समाप्ति के आखिरी मिनिट में आता है तो समय में स्वतः 10 मिनिट की वृद्धि होती जायेगी।
06. ई-विक्रय की स्वीकृति माननीय उच्चन्यायालय म.प्र. खण्डपीठ इंदौर की पुष्टि के पश्चात ही मान्य होगी।
07. इस ई-विक्रय सूचना की सुरक्षित लेनदारों/असुरक्षित लेनदारों/ हिस्सेदारों/ केन्द्रीय एवं राज्य सरकार अधिकारों/निकायों एवं अन्य सभी व्यक्तियों/ हितग्राही समूहों जिनका कंपनी (परिसमापन-में) के संबंध में हित है, के लिये इस विक्रय सूचना को एक सूचना की तरह लिया जाये।
08. भावी क्रेता विज्ञापन की दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में इन्दौर स्थित परिसमापक के कार्यालय में आकर मूल्यांकन प्रतिवेदन आदि प्राप्त कर सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो प्रस्तावित ई-नीलामी में सहभागिता से पूर्व राजस्व प्राधिकारियों से प्रत्यक्षः संबंधित राजस्व अभिलेख/नक्शों से संपुष्टि कर सकते हैं।
09. ई-नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी बिक्री के नियम एवं शर्तों के साथ वेबसाईट https://olmp.auctiontiger.net पर उपलब्ध है।

हस्ते/-(सीताराम एस. गुप्ता, आईसीएलएस)
शासकीय समापक
मध्यप्रदेश उच्चन्यायालय, इंदौर (म.प्र.)
प्रथमतल, ओल्ड सी.आय.ए. भवन
जी.पी.ओ. के सामने, रेसीडेंसी क्षेत्र इंदौर (म.प्र.)

दिनांक : 09/01/2018
स्थान : इंदौर
दूरभाष नं. : 0731-2710568, 2710051

दैनिक भास्कर
11-01-2018